बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

राज्य के सरकारी शिक्षण संस्थानों के कक्षा 9 से 12 में पढ़ रहे विद्यार्थियों के

बौद्धिक क्षमता एवं भाषायी ज्ञान को विकसित करने के उद्देश्य से बिहार बोर्ड आयोजित कर रहा है

BSEB Crossword प्रतियोगिता

2022-23

BSEB Crossword हेतु रजिस्ट्रेशन

इस प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए विद्यार्थी द्वारा रजिस्ट्रेशन समिति के मोबाइल एप "BSEB Crossword App" या वेबसाइट http://www.b3c.biharboardonline.com पर दिनांक 08.07.2022 से 15.07.2022 तक किया जायेगा। सिर्फ रजिस्ट्रेशन कराये हुए विद्यार्थी ही इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

BSEB Crossword प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रक्रिया

- क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी वेबसाईट http://www.b3c.biharboardonline.com पर जाकर अथवा Google Play Store से BSEB Crossword App Download करेंगे।
- BSEB Crossword App Download करने के बाद विद्यार्थी App या वेबसाईट पर अपना रजिस्ट्रेशन करेंगे। सिर्फ रजिस्ट्रेशन किए हुए विद्यार्थी ही तीनों स्तर की क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता मे भाग ले सकेंगे।
- प्रतियोगिता हेतु निर्धारित तिथि को अपराह्न 01:00 बजे Crossword App अथवा उक्त वेबसाईट के माध्यम से विद्यार्थियों को पहेली (Crossword Puzzle) दी जायेगी, जो अगले दिन 01:00 बजे तक ही उपलब्ध रहेगा। इस पहेली का हल कम-से-कम समय में एवं सही-सही करने पर विद्यार्थी अधिकतम अंक प्राप्त करेंगे।

महत्वपूर्ण तिथियाँ

1. इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन - दिनांक 08 जुलाई से 15 जुलाई 2022 तक
2. क्षेत्रस्तरीय प्रतियोगिता हेतु ऑनलाईन अभ्यास सत्र- दिनांक 18 एवं 19 जुलाई 2022
3. क्षेत्रस्तरीय ऑनलाईन साप्ताहिक क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता (चार तिथियों में) - दिनांक 20.07.2022, 27.07.2022, 03.08.2022 एवं 10.08.2022
4. जिलास्तरीय प्रतियोगिता हेतु ऑनलाईन अभ्यास सत्र- दिनांक 23 एवं 24 अगस्त 2022
5. जिलास्तरीय ऑनलाईन क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता - दिनांक 25 अगस्त 2022
6. राज्यस्तरीय ऑफलाईन क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता - दिनांक 03 सितम्बर 2022

इस प्रतियोगिता का आयोजन तीन स्तरों यथा- क्षेत्र स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर किया जायेगा।

क्षेत्र स्तर पर साप्ताहिक पुरस्कार

प्रत्येक जिले में क्षेत्रस्तर पर आयोजित साप्ताहिक ऑनलाईन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रथम 10 विद्यार्थी को प्रत्येक सप्ताह एक-एक बैग पैक एवं क्रॉसवर्ड का एक पुस्तक सेट पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा।

जिला स्तर पर पुरस्कार

प्रत्येक जिले में ऑनलाईन प्रतियोगिता के आधार पर प्रथम पाँच टीम (10 छात्र/छात्रा) को निर्धारित नगद राशि एवं क्रॉसवर्ड का एक पुस्तक सेट दिया जायेगा, जिसकी विवरणी निम्नवत् है-

प्रथम (दो विद्यार्थी)	-	8,000/- रूपये नगद x 38 जिला
द्वितीय (दो विद्यार्थी)	-	6,000/- रूपये नगद x 38 जिला
तृतीय (दो विद्यार्थी)	-	4,000/- रूपये नगद x 38 जिला
सांत्वना (दो विद्यार्थी)	-	2,000/- रूपये नगद x 38 जिला
सांत्वना (दो विद्यार्थी)	-	2,000/- रूपये नगद x 38 जिला

राज्य स्तर पर पुरस्कार

राज्यस्तर पर चयनित प्रथम 10 टीमें (20 विद्यार्थी) पुरस्कृत की जायेंगी। इस प्रकार, 10 टीमों के 20 विद्यार्थी को प्रति विद्यार्थी 5,000/- रूपये नगद एवं क्रॉसवर्ड का एक पुस्तक सेट दिया जाएगा।

पी०आर० 110/2022

अतः राज्य के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के पात्र विद्यार्थी अधिक-से-अधिक संख्या में इस प्रतियोगिता में भाग लें तथा पुरस्कार प्राप्त करें।

विस्तृत जानकारी हेतु समिति के हेल्पलाईन नं. 0612-2230009 अथवा ई-मेल : bsebcrossword2022@gmail.com पर सम्पर्क करें।